हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 26 जुलाई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 नपा के आवासीय परिसर के पास शासकीय...



09 'अधिकारी शोभायात्रा व जुलूस मार्गों पर पैदल...




## खबर संक्षेप में

### डॉ शेरसिंह मीना होंगे आगर जिले के नए कलेक्टर

**नलखेड़ा।** राज्य शासन ने शुक्रवार देर रात बड़े पैमाने पर आईएएस



अधिकारियों के तबादले किए। जारी आदेश के तहत आगर जिला कलेक्टर प्रीति यादव का स्थानांतरण कार्यकारी संचालक मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम इंदौर के पद पर किया गया है। उनके स्थान पर आयुक्त नगर पालिका निगम सतना तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्मार्ट सिटी सतना अतिरिक्त प्रभार डॉ शेरसिंह मीना को आगर जिला कलेक्टर के पद पर नियुक्ति की गई है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि श्री मीना सोमवार को आगर जिला कलेक्टर का पदभार ग्रहण करेंगे।

### भाजपा अजजा मोर्चा के जिला प्रभारी पद पर नागर की नियुक्ति

**नलखेड़ा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार तथा संभाग प्रभारी लता वानखेड़े, जिला प्रभारी जयदीप पटेल की अनुशंसा पर



भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने भाजपा के पूर्व जिला कार्यालय प्रभारी व पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहन नागर की भाजपा अजजा मोर्चा के जिला प्रभारी पद पर नियुक्ति की गई है। उनकी इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त कर उन्हें बहुत बहुत बधाइयाँ एवं शुभकामनाएं दी गई।

### परमात्मा ने जो हमें स्वरूप दिया है वही सबसे बड़ा धन है: पंडित रमेश चंद्र त्रिवेदी

**कानड़।** नगर के मांगलिक भवन में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित रमेश चंद्र त्रिवेदी ने शिव महापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो वह



भाग्यशाली है। जो भगवान के विषय में जानने के लिए जिज्ञासु हो, वह भाग्यवान है। हम लोग जिस कलयुग में जी रहे हैं इस युग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है जो भक्ति को धारण करता है।श्री हरी ने आगे कहा कि राजा दक्ष ने एक बहुत बड़े महायज्ञ का आयोजन किया जिसमें सभी देवताओं, ऋषियों और ब्रह्मदेव को आमंत्रित किया , परंतु भगवान शिव को द्वेषवश निमंत्रण नहीं दिया गया। जब माता सती को पता चला तो उन्होंने पिता के घर जाने का निश्चय किया महादेव का अपमान सहन न कर पाने के कारण माता सती ने क्रोध और दुःख में योगबल से उत्पन्न अग्नि द्वारा अपने शरीर को वहीं भस्म कर दिया। कथा को विस्तार देते हुए श्री हरि ने कहा कि परमात्मा ने जो हमें स्वरूप दिया है वही सबसे बड़ा धन है जो कार्य आप कर रहे हैं वह परमात्मा को समर्पित कर दो जो करेगा वही करेगा।शिव महापुराण समापन के बाद आरती की गई।

### प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने आगर में किया 111.40 करोड़ की लागत से नवनिर्मित तीन सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण

# 'विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध करवा रही सरकार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा






मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधाए उपलब्ध करवा रही है। प्रदेश में 14000 करोड़ की लागत के 370 सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण किया जा रहा है। प्रदेश में 200 नए सांदीपनि विद्यालय और बनाए जाएंगे। यह बात प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने शनिवार को आगर में 111.40 करोड़ लागत से नवनिर्मित सर्व सुविधायुक्त आगर, सुसनेर एवं नलखेड़ा के सांदीपनि विद्यालय भवनों के लोकार्पण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर विधायक माधव सिंह गहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई भैरूसिंह चौहान, कलेक्टर प्रीति यादव, नपा अध्यक्ष निलेश जैन पटेल,पूर्व विधायक सुसनेर राणा विक्रम सिंह, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय सहित जनपद अध्यक्ष, नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारी मंचासीन थे।

#### प्रभारी मंत्री ने शुभारंभ किया

कलेक्टर श्रीमती यादव ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। अंकिता राय, जिला शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे, लोक निर्माण विभाग के ज्ञानदीप, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य आदि ने मंचासीन अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संदीपनी विद्यालयों में उपलब्ध शिक्षा सुविधाओं के बारे में बताया।

इस अवसर पर विधायक गहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कदम उठा रही है, उन्होंने प्रभारी मंत्री से आगर में नवीन मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रस्ताव कैबिनेट में रखवाने का अनुरोध किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के प्रतिभाशाली 45 विद्यार्थियों को भोपाल ले जाकर मुख्यमंत्री से भेंट करवाई है। आगामी बोर्ड परीक्षा के बाद जो भी विद्यार्थी 99% से अधिक अंक हासिल करेंगे, उन सभी विद्यार्थियों को वे भोपाल ले जाकर मुख्यमंत्री से भेंट एवं चर्चा करवाएंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अधिकाधिक अंक हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

#### कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित किया

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चौहान एवं जिला अध्यक्ष मालवीय ने भी संबोधित किया। प्रभारी मंत्री चौहान ने रिमोट का बटन दबाकर जिले के तीन सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण किया तथा गत बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं क्रमशः रचना, खुशी, संजना, रानी और शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालयों के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, एवं शिक्षकगणों को शॉल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।' विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।



#### सांदीपनि विद्यालय का अवलोकन

प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने अतिथियों के साथ सांदीपनि विद्यालय आगर के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया और इस भवन में विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सांदीपनि विद्यालयों को भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य का मजबूत आधार स्तंभ बताया। इस अवसर पर विधायक गहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चौहान, कलेक्टर प्रीति यादव, जिला अध्यक्ष मालवीय, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र बोयत सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, नागरिक, अभिभावक एवं शिक्षक गण, पत्रकार गण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नागरसिंह चौहान का सर्किट हाउस पर आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा आगर जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान का शनिवार को आगर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया।

प्रभारी मंत्री श्री नागर के सर्किट हाउस आगर पहुंचते ही कलेक्टर प्रीति यादव,अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव जिला पंचायत सीईओ बी एस सोलंकी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र बोयत, आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक शेखर उइके ने पुष्प गुच्छ भेंट कर प्रभारी मंत्री का आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक आगर माधव सिंह गहलोत,जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी प्रभारी मंत्री का शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया।

इस मौके पर एसडीएम मिलिंद ढोके, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा सहायक संचालक जनसंपर्क जगदीश चंद्र मालवीय एवं जन प्रतिनिधिगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

#### पुलिस अधीक्षक,यातायात थाना प्रभारी एवं नगर पालिका सीएमओ नगर के विरुद्ध याचिका प्रस्तुत की

## मन्दसौर शहर के अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था का मामला लोक अदालत पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मन्दसौर

मंदसौर शहर की चौपट यातायात व्यवस्था को लेकर मामला लोकोपयोगी सेवा की लोक अदालत में पहुंचा है। जहां पर अभिभाषक सामाजिक कार्यकर्ता डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 अध्याय-6-ए के तहत लोकोपयोगी सेवा की लोक अदालत में पुलिस अधीक्षक, यातायात थाना प्रभारी एवं सीएमओ नगर पालिका के विरुद्ध याचिका प्रस्तुत की है। पुलिस अधीक्षक मन्दसौर को पक्षकार इसलिये बनाया गया है कि इनके अधीन यातायात पुलिस रहती है। जबकि यातायात थाना प्रभारी यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिये जिम्मेदार अधिकारी हैं तथा मंदसौर नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर की व्यवस्थाओ के लिये जिम्मेदार अधिकारी है। न्यायालय ने याचिका को सुनवाई हेतु स्वीकार कर लिया है। विपक्षीगण को सूचना पत्र जारी होंगे। अगली सुनवाई 8 अगस्त को होगी।

जानकारी देते हुए याचिकाकर्ता डॉ तोमर ने बताया कि शहर के विभिन्न मार्ग जो विपक्षीगण के अधिन मंदसौर नगरपालिका की सीमा में हैं से हजारों लोग रोज शहर में आते जाते हैं एवं भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में आते जाते है। लेकिन नगर के प्रत्येक चौराहे पर यातायात व्यवस्था हेतू कोई कर्मचारियों की तैनाती न होने के कारण सभी को दुर्घटना का खतरा बना हुआ रहता है। कई बार बच्चो की स्कुल बसे व अन्य वाहन इस अव्यवस्था का शिकार होते है।

उन्होंने बताया कि रेवासदेवड़ा रोड़ पर रामटेकरी चौराहा से लेकर उत्सव पेट्रोल पंप, रामटेकरी गरबा चौराहा, डबल स्टोरी कुमावत धर्मशाला रोड़ के पास पुराने आदर्श स्कुल तिराहे तक पुरे रास्ते मे अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़े रहते है यहा पर कई बार जाम लग जाता है जिससे आने जाने वालो को बहुत परेशानिया उठाना पड़ती है। क्योकि इस मार्ग से रेवास देवड़ा आदि गाव व प्रतापगढ रोड़, एम आई टी कालेज, बायपास, मेडिकल कालेज, 500 क्वार्टर, देव डुंगरी माता जी धार्मिक स्थल आने जाने वालो की संख्या बढ़ती जा रही है। यातायात दबाव होने के कारण यहा की व्यवस्थाए ठीक होना आवश्यक है।

इसी प्रकार श्री कोल्ड चौराहा से लेकर महाराणा प्रताप चौराहा, संजय गांधी उद्यान रास्ता, पुलिस कंट्रोल रूम, सब्जी मंडी चौराहा, गुप्ता कचौरी चौराहा, सहकारी बैंक चौराहा, सरदार पटेल चौराहा, स्टेशन चौराहा, पुलिस पेट्रोल पंप चौराहा तथा जिला जेल के सामने किसी भी प्रकार की यातायात व्यवस्था विपक्षीगण द्वारा निर्धारित नही की जाने से इन स्थानों पर प्रतिदिन दिनभर जाम जैसी स्थिती निर्मित रहती है तथा कई वाहन आपस मे टकरा जाने से विवाद होते रहते हैं। पुलिस पेट्रोल पंप चौराहे पर तो यातायात थाना स्थित है इसके बावजुद भी इस चौराहे पर कोई ट्रैफिक व्यवस्था के लिये तैनाती नहीं की है।

## मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने वृक्षारोपण किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानपुरा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक भानपुरा द्वारा चयनित नवांकुर संस्था ग्राम उत्थान जन कल्याण सेवा समिति श्रीनगर एवं अर्पण सेवा समिति ढाबला माधोसिंह ओर परामर्शदाताओं द्वारा पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल नावली में स्वच्छता पर्व मनाया गया। इसमें एक पेड़ मां के नाम को लेकर वृक्षारोपण किया गया जिसमें नीम शीशम सागौन के पौधों का रोपण किया गया एवं नशा मुक्ति एवं स्वच्छता अभियान स्वैच्छिकता की सामूहिक शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच ललित मीणा की उपस्थित थे, विद्यालय के प्राचार्य मनीषा भट्ट एवं अध्यापक सूर्य प्रकाश मेहर नवांकुर संस्था प्रतिनिधि राजेश बैरागी राम प्रसाद मीणा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष बालचंद मीणा गोविंद पुरोहित एवं परामर्शदाता जगदीश मिश्रा शिवा बंबोरिया लोकेश कुमार जांगड़े ललित प्रजापति अनिल बागड़ी आदि उपस्थित थे।

## कावड़ यात्रा को लेकर बैठक संपन्न



**शामगढ़/मंदसौर।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शांतिकुंज स्थित श्री हरिओम पुरम भगवान बटकेश्वर मंदिर से कावड़ यात्रा प्रारंभ होगी। शामगढ़ में सुवासरा रोड ओवर ब्रिज के पास स्थित श्री मुक्तेश्वर महादेव मंदिर तक कावड़ यात्रा का आयोजन होगा। इस कावड़ यात्रा को भव्यता प्रदान करने हेतु समस्त भक्त जनों द्वारा शनिवार को मुक्तेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन रखा गया व कावड़ यात्रा की भव्यता को लेकर कार्य योजना बनाई गई।

## मातृगोष्ठी का आयोजन किया, की गई चर्चा

**मंदसौर ।** अभिनन्दन नगर मंदसौर में कक्षा अरुण एवं शिशु वाटिका मे नव प्रवेशित भैया-बहिनों की माताओं की मातृगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि शिशुवाटिका प्रांत संयोजक संतोष विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में माताओं को भैया बहिनों के लालन पालन 5 वर्ष तक कैसे करना चाहिए इस विषय एवं सुवर्ण प्राशन ओषधि के गुण के बारे में चर्चा की । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.राजेन्द्र सिंह शिक्षण समिति की सदस्य पायल कियावत दीदी ने की मातृगोष्ठी में विज्ञान प्रयोग शाला कला शाला एवं वस्तु संग्रहालय आदि शैक्षिक व्यवस्थाओं की गतिविधियां संपन्न हुई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिशु वाटिका की दीदीया उपस्थित रहीं।



## मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग का तबादला दिव्यांक सिंह होंगे नए जिला कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

राज्य शासन ने शुक्रवार देर रात आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की है। 20 आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस सूची में मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग का नाम भी शामिल है। राज्य शासन के आदेश के अनुसार, 2015 बैच की आईएएस अधिकारी एवं मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग का तबादला कर उन्हें संचालन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं उनकी जगह 2017 बैच के आईएएस अधिकारी दिव्यांक सिंह को मंदसौर का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है।




दिव्यांक सिंह वर्तमान में भोपाल में अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पद पर पदस्थ थे। अब वे मंदसौर जिले के कलेक्टर के रूप में कार्यभार संभालेंगे। आईएएस अदिति गर्ग ने 29 जुलाई 2024 को मंदसौर कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उनके कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने में महज छह दिन शेष थे, लेकिन इससे पहले ही उनका तबादला कर दिया गया। शुक्रवार देर रात जारी आदेश में प्रदेश के विभिन्न जिलों और विभागों में पदस्थ 20 आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। कुछ कलेक्टरों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं तो कुछ अधिकारियों को विभागीय स्तर पर नई पदस्थापना मिली है। दिव्यांक सिंह जल्द ही पदभार ग्रहण करेंगे।




### नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

**कानड़।** स्वास्थ्य संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों से लेकर विद्यालय तक साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है। साइबर सुरक्षा अभियान के दौरान कानड़ पुलिस द्वारा नवीन बस स्टैंड पर साइबर फ्राड़ और एवं साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक थाना प्रभारी राजकुमार दांगी द्वारा बताया गया और साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम के दौरान आम नागरिक उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक ने ग्राम बिल्लोद में यूनिफॉर्म वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

सामाजिक सेवा संस्था लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक द्वारा ''सेवा ही धर्म है'' की भावना के साथ ग्राम बिल्लोद स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बहुउद्देशीय सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। बस स्टैंड स्थित दूध डेयरी के पास आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब की ओर से जरूरतमंद बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म वितरित करने के साथ ही निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर और पौधारोपण के तीन प्रमुख प्रकल्प संपन्न किए गए।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी थीं। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष सुमित्रा चौधरी के संबोधन से हुई। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने कहा कि बच्चों को यूनिफॉर्म प्रदान करना केवल सामग्री का वितरण नहीं, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास जगाने और शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने का एक सार्थक प्रयास है। प्रत्येक बच्चे को समान अवसर और अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए, क्योंकि यूनिफॉर्म बच्चों में अनुशासन, समानता और एकता की भावना को मजबूत करती है।

**खबर संक्षेप**

### ठा. फतेह सिंह भाटी का 110 वर्ष में निधन




जावर। जावर क्षेत्र के ग्राम बिलपान निवासी ठा फतेह सिंह भाटी जिन्हें क्षेत्र के लोग बड़ा जी के नाम से पुकारते थे हमारे बीच नहीं रहे ,युवा कांग्रेस विधानसभा आष्टा अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह भाटी के पूज्यनीय दादाजी बड़ा जी की क्षेत्र में बहुत ही सम्माननीय एवं निर्णायक व्यक्तित्व की छवि थी क्षेत्र का हर व्यक्ति उनकी बात मानता था और उनका सम्मान करता था उनके जाने से पूरे क्षेत्र में एक रिक्त स्थान हुआ है जिसकी भरपाई होना मुश्किल है। उनके अंतिम संस्कार में राजनीतिक, सामाजिक, एवं धार्मिक क्षेत्र से जुड़े हुए सभी लोग बड़ी संख्या एकत्रित हुए जिसमें मुख्य रूप से। कमल सिंह पहलवान ,मानसिंह पटेल, अरविंद सिंह ठाकुर सेमली, भीष्म सिंह ठाकुर पप्पू डाक्टर, चंदर सिंह,राजेंद्र सिंह, जगन्नाथ सिंह, सुरेश चंद विश्वकर्मा, यसवत सिंह, अवधेश जाट, विजेंद्र सिंह पटेल, दिनेश तिवारी, अनोखी लाल विश्वकर्मा, नाथू लाल दूधिया, संतोष गिरी, रामप्रसाद मालवीय आदि बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित हुए। सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नगरपालिका के अतिक्रमण अमले ने हटाया सालों पुराना अतिक्रमण

# नपा के आवासीय परिसर के पास शासकीय भूमि पर अवैध रूप से किया था अतिक्रमण

अवैध रूप से फैले कबाड़ के कारण जहां रहवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वहीं आसपास के दुकान संचालकों और व्यापारियों के व्यवसाय में भी बड़ी बाधा बन चुका था अतिक्रमण।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। लंबे समय से आम नागरिकों और व्यापारियों के लिए सिरदर्द बने सालों पुराने अवैध अतिक्रमण को आज नगरपालिका की अतिक्रमण टीम ने पूरी तरह से ध्वस्त कर हटा दिया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि नपा के आवासीय परिसर के समीप वार्ड क्रमांक 4 किला निवासी अरशद मूसा द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कबाड़ का सामान जमा करके रखा गया था। इस कब्जे के कारण क्षेत्र में आवागमन बाधित हो रहा था। अवैध रूप से फैले कबाड़ के कारण जहां रहवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वहीं आसपास के दुकान संचालकों और व्यापारियों के व्यवसाय में भी यह अतिक्रमण बड़ी बाधा बन चुका था। स्थानीय नागरिकों द्वारा इस समस्या को लेकर लंबे समय से शिकायतें की जा रही थीं। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति के कड़े निर्देशों पर अतिक्रमण प्रभारी कैलाश घेंघट ने अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की। टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सालों पुराने इस कबाड़ के अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाकर रास्ता और शासकीय भूमि साफ करा दी।

**नपा सीएमओ की चेतावनी**

कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने स्पष्ट किया कि नगर पालिका की आधिपत्य और स्वामित्व वाली शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार तुरंत सख्त व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति इस दौरान शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कराया जाएगा। इस कार्रवाई में अतिक्रमण प्रभारी कैलाश घेंघट, स्वच्छता पर्यवेक्षक विनोद सांगते, उपपर्यवेक्षक मनोज घेंघट, राजेश दरोगा, जीवन कलोशिया, गोलू घेंघट, अखिलेश डूमाने, अभिषेक कुशवाह, गबू प्रजापति सहित बड़ी संख्या में अतिक्रमण कर्मचारी मौजूद थे।

# अवैध शराब परिवहन पर पुलिस ने की कार्रवाई

**34 हजार की अवैध शराब जब्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में नशा उन्मूलन, अवैध शराब परिवहन पर रोक और वाहन चेकिंग आदि संबंधी कार्यवाहियाँ लगातार की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत एवं दामोदर गुप्ता एसडीओपी आष्टा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावर डीएसपी हेमंत पांडेय के नेतृत्व में थाना जावर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए बडी मात्रा मे अवैध शराब परिवहन पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। मुखबिर सूचना पर तालाब रोड ग्राम झिकड़ी मे एक सिल्वर कलर की बुलेरो क्र. MP09 HE2259 में कुल 9 पेटिया जिसमें 425 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन,कुल 76.50 लीटर जिसकी कीमत करीबन 34000/- रूपये व बुलेरो जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। कुल 9 पेटीयाँ जिसमें 425 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन कुल 76.50 लीटर दारू जिसकी किमत करीबन 34000/- रूपये व बुलेरो को विधिवत ज़ब्त कर अग्रिम कार्यवाही में लिया गया । जावर थाना प्रभारी उ.पु. अधी . हेमंत पांडेय के निर्देशन मे जावर पुलिस द्वारा पिछले 5 महीनों मे लगातार अवैध शराब पर कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम मे अब तक कुल 19 कार्यवाही 34 आबकारी एक्ट के तहत तथा 5 कार्यवाही 34(2)आबकारी एक्ट के तहत की जा चुकी है। उक्त कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक हेमंत पांडेय, उनि राकेश शुक्ला , प्रआर सुनील वर्मा, प्रआर सुरेश परमार, प्रआर हरीश डोडीयार , आर नरेन्द्र सैंधव, आर 156 राहुल सूर्यवंशी, आर महेश यादव, आर सुरेंद्र मंडलोई, आर कावसिंह रावत,सैनिक देवपाल भाटी थाना जावर पुलिस की सराहनीय भूमिका रही।

# आत्मा को परमात्मा बनाने का मार्ग है आगम, जिनवाणी को जीवन में उतारें: पन्यास प्रवर यशोजित विजय महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री मालव गिरनार तीर्थ आष्टा में चल रहे आत्म कल्याणकारी चातुर्मास 2026 के अंतर्गत 45 आगम तप आराधना के छठे दिवस पन्यास प्रवर पूज्य यशोजित विजय महाराज ने श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर, किला स्थित उपाश्रय में श्रद्धालुओं को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि यदि आत्मा को परमात्मा बनाना है तो आगम में वर्णित सिद्धांतों को केवल सुनना ही नहीं, बल्कि उन्हें जीवन में उतारना भी आवश्यक है। जिनवाणी के प्रत्येक वचन को हृदय में अंकित कर उस पर मनन और चिंतन करने वाला साधक ही आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है।

आत्म कल्याणकारी चातुर्मास अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित 45 आगम तप आराधना के छठे दिवस एकासने के लाभार्थी लखमीचंद विजय कुमार पारख परिवार रहा। मीना पारख का सम्मान मंजुला सिंघवी द्वारा किया गया। श्री आवश्यक सूत्र की आराधना कराई गई। श्रद्धालुओं ने 20 माला (श्री आवश्यक सूत्राय नमः), 32 खामासणा, 32 स्वास्तिक (32 फल-नैवेद्य) तथा 32 लोगस्स (128 नवकार) का जाप एवं साधना की। प्रातः 9 से 10 बजे तक प्रवचन हुए, जबकि प्रातः 10 बजे सामूहिक रूप से आगम ग्रंथ का चैत्यवंदन सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं और धर्मलाभ प्राप्त किया। प्रवचन की जानकारी देते हुए नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि पन्यास प्रवर यशोजित विजय महाराज ने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य परमात्मा पद की प्राप्ति बनाना चाहिए। इसके लिए नियमित आत्मचिंतन, भाव-आलोचना और अपने द्वारा किए गए दोषों का प्रायश्चित आवश्यक है। जब मनुष्य अपनी भूलों को स्वीकार कर उन्हें सुधारने का प्रयास करता है, तभी उसकी आत्मा शुद्ध होने लगती है।

महाराजश्री ने जीवदया का महत्व समझाते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति ऐसा कार्य करता है जिससे जीव हिंसा होती है, तो उसका पाप उसी को प्राप्त होता है, जिसने उस कार्य को कराया है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई स्विमिंग पूल बनवाता है और उसमें जीवों की हिंसा होती है तो उसका दोष भी निर्माण करवाने वाले को लगता है। इसलिए प्रत्येक कार्य करते समय अहिंसा और संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।उन्होंने कहा कि यह जीव अनादिकाल से चौरासी लाख योनियों में भटक रहा है। कभी देवगति, कभी मनुष्यगति तो कभी तिर्यंच गति में जन्म लेकर वह संसार के बंधनों में उलझा रहता है। इस अनंत भ्रमण से मुक्ति केवल सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र से ही संभव है। पुण्य स्वयं करना पड़ता है, पाप का दोष अवश्य मिलता है। पन्यास प्रवर ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति हमारे लिए कोई कार्य करता है और उस कार्य में पाप होता है तो उसका दोष हमें भी लगता है, लेकिन पुण्य का भागीदार बनने के लिए स्वयं पुण्य करना आवश्यक है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को भगवान द्वारा बताए गए धर्ममार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए।उन्होंने कहा कि भगवान का उपकार जितना माना जाए उतना कम है। उनके बताए मार्ग पर चलने से जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल जाती हैं। धर्म आत्मा को पवित्र करने वाली ऐसी ₹लॉन्ड्री₹ है, जो आत्मा के मलिन कर्मों को धोकर उसे निर्मल बनाती है। यदि हम गुरु द्वारा बताए गए मार्ग का पालन करें तो आत्मा निश्चित रूप से परमात्मा बनने की दिशा में अग्रसर होती है। यशोजित महाराजश्री ने सुधर्मास्वामी और जम्बूस्वामी का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि गुरुओं ने सदैव अपने शिष्यों को धर्म से जोड़ा। उसी प्रकार प्रत्येक परिवार का दायित्व है कि वह अपनी नई पीढ़ी को धर्म, संस्कार और सदाचार की शिक्षा दे। बच्चों को केवल भौतिक शिक्षा ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक मूल्यों से भी जोड़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि हम अभी आपको ट्रेलर दिखा रहे हैं। फिल्म तो कुछ दिनों पश्चात आपको दिखेगी अर्थात जो प्रवचन सुनाते हैं, वे अमृत स्वरूप हैं। जिस प्रकार अमृत पीने से अमरत्व की प्राप्ति होती है, उसी प्रकार जिनवाणी के अमृत को जीवन में अपनाने से आत्मा का कल्याण होता है। महाराजश्री ने कहा कि मनुष्य संसार के रंगों में रंगा रहता है, जबकि उसे परमात्मा बनने का रंग अपने जीवन में भरना चाहिए। हर व्यक्ति परमात्मा बनना चाहता है, लेकिन भगवान के बताए मार्ग पर चलने का प्रयास नहीं करता। यदि क्रोध आए तो पंच परमेष्ठी की आराधना करें। इससे मन शांत होगा और आत्मबल की वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि गुरु दक्षिणा के रूप में उन्हें किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं है। उनकी सबसे बड़ी इच्छा यही है कि प्रत्येक श्रावक-श्राविका आत्मकल्याण कर भगवान बनने की दिशा में आगे बढ़े। भगवान की आज्ञा के अनुसार समस्त जीवों के सुख की कामना करें तथा अपने शत्रु के लिए भी उसके आध्यात्मिक कल्याण का भाव रखें। भगवान के दर्शन करते समय यह भावना रखें कि ₹हे प्रभु! मैं भी आपके समान बनूं और मुझे भी मोक्षफल की प्राप्ति हो। इस अवसर पर पूज्य वीरतेन्द्र महाराज ने कहा कि जैन कुल में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। इसका स्वाभिमान रखें, लेकिन अभिमान कभी न करें। जैन परिवार में जन्म लेने वाला व्यक्ति अनेक श्रेष्ठ संस्कार और योग्यताएं लेकर आता है। इसलिए मन, वचन और काया से ऐसा कोई व्यवहार न करें जिससे किसी भी धर्मात्मा की आत्मा को ठेस पहुंचे।

# चांदनी नदी किनारे दिखा मगरमच्छ, सीहोर के चाचमऊ में दहशत, विभाग ने निगरानी बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



सीहोर के शाहगंज क्षेत्र के ग्राम चाचमऊ के पास बहने वाली चांदनी नदी के किनारे एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने उसे नदी किनारे धूप सेंकते और रेंगते हुए देखा। इसके बाद आसपास के गांवों में दहशत फैल गई।

चांदनी नदी चाचमऊ और आसपास के गांवों के किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। किसान सिंचाई, मवेशियों को पानी पिलाने और रोजमर्रा के काम के लिए नदी किनारे आते-जाते हैं। मगरमच्छ के खुले में आने से लोगों को अपनी और मवेशियों की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है।

**मगरमच्छ को देख लोगों में डर फैला :** ग्रामीणों ने बताया कि वे रोज इसी रास्ते से खेतों तक जाते हैं। मगरमच्छ को इतने करीब देखकर लोगों में डर का माहौल है। उनका कहना है कि जब तक मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू नहीं होता, तब तक किसी हादसे का खतरा बना रहेगा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर सक्रिय हो गई और क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रशासन और वन विभाग ने चांदनी नदी के आसपास रहने वाले लोगों के लिए एहतियात बरतने की सलाह जारी की है।

**नदी किनारे न जाने की आपील की :** वन अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे नदी के गहरे और सुनसान किनारों पर न जाएं। मवेशियों को नदी के बिल्कुल पास न ले जाएं और बच्चों को अकेले नदी किनारे न भेजें। मगरमच्छ दिखने पर उसके पास जाने या फोटो-वीडियो बनाने की कोशिश भी न करें। फिलहाल वन विभाग की टीम मगरमच्छ की गतिविधियों पर नजर रख रही है। स्थिति का आकलन किया जा रहा है।

# नशा व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार को कर देता है बर्बाद, इससे बचना जरूरी: संतोष विश्वकर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



थाना जावर जिला सीहोर व्दारा पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत पुलिस द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान जावर पुलिस ने शासकीय स्कूल मेहतवाड़ा के विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान के बारे में जानकारी दी और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें, अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने में सहयोग दें और कहीं भी अवैध मादक पदार्थों का विक्रय या सेवन होने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस मोके पर पुलिस बल उपस्थित रहा संतोष विश्वकर्मा,ओमप्रकाश वर्मा, नरेंद्र सेंधव,सुरेंद्र जमरा,लाखन सिंह एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

### आष्टा पुलिस ने चलाया व्यापक जनजागरुकता अभियान

# नशे से दूर रहने ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक चलाए जा रहे ₹ नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0 ₹ के तहत दिनांक 24 जुलाई 2026 को अनुभाग आष्टा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में अनुभाग आष्टा के थाना आष्टा, थाना पार्वती, थाना जावर एवं थाना सिद्दीकगंज द्वारा कस्बा क्षैत्र में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अभियान अंतर्गत अनुभाग आष्टा के थाना आष्टा , पार्वती, जावर एवं थाना सिद्दीकगंज की पुलिस द्वारा थाना क्षैत्रान्तर्गत मण्डी परिसर आष्टा मे मण्डी व्यापारीगणों, मजदूरों, किसानों, थाना पार्वती एवं थाना जावर अन्तर्गत ग्राम एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों, थाना सिद्दीकगंज अन्तर्गत छात्र-छात्राओं की रैली निकालकर एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक से जन सवांद कार्यक्रम आयोजित कर नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्त जीवन के लाभ एवं नशे को सामाजिक , मानिसक , आर्थिक एवं शारीरिक समस्या के रूप मे प्रदर्शित किया गया है। नशे की लत छुडवाने के लिये पुर्नवास केन्द्र व चिकित्सीय सहायता लेने की समझाईश दी गयी। कार्यक्रम में शार्ट फिल्म ,वीडियो, रील दिखाकर एवं बैनर, पोस्टर लगाकर तथा पम्पलेट वितरित कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया तथा प्रोत्साहित किया। हेल्पलाईन नम्बरो की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के समापन पर नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु स्लोगन लगाये एवं शपथ दिलाई गई। पुलिस आमजन से अपील करती है कि नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में सहभागी बनें, स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम मे छात्र -छात्राएं व विद्यालय स्टाफ , व्यापारीगण, मजूदरो, किसानो, ग्रामीण, गणमान्य नागरिक, आमजन, पत्रकार बंधु एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

### शिविर में 185 मरीजों ने कराई जांच 53 की आंखों में मिला मोतियाबिंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और आंखों की मुफ्त जांच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में एक विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का भव्य आयोजन किया। शिविर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमित माथुर व अस्पताल प्रभारी डॉ. अभिषेक कुशवाह के मार्गदर्शन में चिरायु मेडिकल कॉलेज के सहयोग से लगाया। जिसमें ग्रामीण अंचल के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शिविर के दौरान अस्पताल जावर के नेत्र विभाग प्रमुख डॉ. रवि गोस्वामी तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने पूरी तन्मयता के साथ मरीजों की आंखों की गहन जांच की। जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, उनमें से 53 मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इन सभी मरीजों को शिविर स्थल से वाहन सेवा के माध्यम से आगे के उपचार हेतु भोपाल स्थित चिरायु अस्पताल लेजाया गया है, जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस सफल आयोजन से स्थानीय ग्रामीणों में भारी हर्ष व्याप्त है और उन्होंने चिकित्सा टीम की इस पहल की प्रशंसा की है।

**खबर संक्षेप**

## दो भाइयों पर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम सौरई में महिलाओं के बीच हुए घरेलू विवाद के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि विवाद के दौरान दो भाइयों ने एक युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम सौरई निवासी आशीष जोशी पुत्र गौरीशंकर जोशी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 22 जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे घर की महिलाओं के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी विवाद के दौरान गांव के निवासी जितेन्द्र जोशी एवं पुष्पेन्द्र जोशी, दोनों पुत्र दामोदर जोशी, मौके पर पहुंचे और उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जब आशीष ने इसका विरोध किया और गाली देने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 24 जुलाई को दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ट्रेन में चढ़ते समय यात्री की जेब कटी

**ललितपुर।** विदिशा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय ललितपुर निवासी एक यात्री की जेब से पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर जीआरपी थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली सदर क्षेत्र के नदीपुरा निवासी मनीष कुमार जैन पुत्र स्व. रतनचंद जैन शुक्रवार 24 जुलाई को विदिशा से ललितपुर आने के लिए ट्रेन संख्या 14115 प्रयागराज एक्सप्रेस की जनरल बोगी में सवार हो रहे थे। शाम करीब 5.25 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर ट्रेन में चढ़ते समय पीछे से आए एक अज्ञात युवक ने उनकी जेब से पर्स निकाल लिया और भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। बताया कि आरोपी की उम्र करीब 25 वर्ष, कद लगभग 5 फुट 6 इंच, लंबा चेहरा, छोटे बाल तथा आसमानी रंग की शर्ट पहने हुए था। घटना का आभास होते ही उन्होंने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन तब तक ट्रेन चल चुकी थी और चोर भी भीड़ में ओझल हो गया। घटना के तुरंत बाद मनीष कुमार जैन ने रेलवे की हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दर्ज कराई। उनके पर्स में 1700 रुपये नकद, स्वयं एवं माता-पिता के आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एटीएम कार्ड तथा व्यापार से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। ललितपुर पहुंचने के बाद उसने जीआरपी थाना में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद के चित्र पर पुष्पांजलि कर पूर्व सांसद के जीवन से जुड़ी स्मृतियों को याद किया गया। इस दौरान जिला महासचिव शिशुपाल सिंह लोधी, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ शत्रुघ्न यादव, प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी हरिसिंह यादव जिजयावन, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष अनवर खान, जिला सचिव राजेश यादव जय गुरुदेव, जिला सचिव शाकिर अली, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, लाखन यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, अशोक अहिरवार, पुष्पेंद्र यादव, विनोद रायकवार, भजनलाल कुशवाहा, मूरत सिंह यादव, रमान सिंह, राजेश झा, सौरभ प्रजापति, इंद्रपाल सिंह यादव, रामनरेश यादव, ओमप्रकाश कुशवाहा, चंद्रपाल सिंह यादव, राममूर्ति तिवारी, देशराज सिंह यादव, बलराम अहिरवार,शहरोज खान, यादवेन्द्र सिंह यादव, राहुल अहिरवार, अनुज लोधी, छककी लाल रैकवार, संतराम यादव, कृष्ण पाल यादव, यादवेन्द्र यादव, धर्मेंद्र सिंह, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

### आगामी त्यौहारों को लेकर जिलाधिकारी ने धर्मगुरुओं व प्रबुद्धजनों के साथ की शांति समिति की बैठक

# 'अधिकारी शोभायात्रा व जुलूस मार्गों पर पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाएं कराएंगे दुरुस्त'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आमागी गुरु पूर्णिमा, श्रावण मास, रक्षाबंधन पर्व एवं ईद-ए-मिलाद आदि त्यौहारों पर कानून एवं शांति व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के धर्मप्रमुखों व प्रबुद्धजनों साथ शांति समिति की बैठक की और सभी से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को त्यौहारों के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान अशान्ति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, उन्होंने त्यौहारों के दौरान डीजे की आवाज मानक के अनुसार रखने के सख्त निर्देश दिये, यदि इससे अधिक आवाज आई तो संबंधित डीजे संचालके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। त्यौहारों के दौरान मांस-मदिरा की दुकानों को बंद रखा जाएगा, साथ ही जुलूस व शोभा यात्रा मार्गों पर उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, ईओ व एसडीओ विद्युत पैदल चलकर निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाएं दुरुस्त करायेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति परम्परागत तरीके से त्यौहार मनाये जायें, कोई नई परम्परा शुरू नहीं की जाएगी। सभी धर्मगुरू अपने-अपने लोगों को शान्तिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने के लिए तैयार करें और वॉलेन्टियर भी लगायें। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई के लिए डीपीआरओ व ईओ को निर्देशित किया, साथ ही सड़कों पर विचरण करने वाले आवास पशुओं को प्रतिबंधित करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बैठक में एई जल निगम शहरी अवनीश मिश्र के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और इनका एक दिन का वेतन अवरुद्ध किया।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजन स्थलों पर पीस कमेटी की बैठकें कर लें, साथ ही अराजक तत्वों पर नजर रखें, यदि कोई त्यौहार में या सोशल मीडिया पर अराजकता फैलाता है तो उससे सख्ती से निपटें। इसके अलावा सभी सार्वजनिक स्थलों पर चैंकिंग अभियान चलाएं। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, सभी उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी डीएस दलाल सहित परिवहन, विद्युत, आबकारी, जल संस्थान, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, पंचायती राज, नगर पालिका व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रमुख धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**आयोजन स्थल व सोशल मीडिया पर पुलिस करेगी कड़ी निगरानी, अराजकता फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही**




# घंटाघर से कलेक्ट्रेट तक निकाला मार्च, डीएम व एसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर शनिवार को विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। छात्र निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह घंटाघर परिसर में एकत्र हुए, जहां उन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों के समर्थन में धरना दिया। इसके बाद छात्र रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। हालांकि अपराह्न बाद केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की खबर सुनकर विद्यार्थियों ने हर्ष जताया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, परीक्षा प्रणाली में सुधार और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की। छात्रों ने कहा कि हाल ही में दिल्ली में अपने लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है, बल्कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध के संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आवाज उठाने वाले छात्रों के साथ बल प्रयोग दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन में छात्रों ने मांग की कि दिल्ली की घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने, साथ ही भविष्य में छात्रों के लोकतांत्रिक आंदोलनों के दौरान उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। धरना-प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा।

**शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन**

### शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

# समायोजन और मानदेय वृद्धि समेत उठाई गई कई मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने पिछले 26 वर्षों से प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा शिक्षामित्रों की मूल विद्यालय वापसी, महिला शिक्षामित्रों के उनके पति के निवास के पास स्थानांतरण तथा जनपद स्तर पर समायोजन के संबंध में शासनादेश व निर्देश (3 जनवरी 2025, 12 जून 2025 एवं 9 दिसम्बर 2025) जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद लखनऊ और बाराबंकी को छोड़कर किसी भी अन्य जनपद में यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। नतीजतन शिक्षामित्र आज भी 80 से 90 किलोमीटर दूर जाकर शिक्षण कार्य करने को मजबूर हैं।

प्रमुख मांगों को लेकर बताया कि टीईटी उत्तीर्ण और एनसीटीई मानकों को पूरा करने वाले लगभग 60 हजार शिक्षामित्रों को सुपर टीईटी से छूट देकर शिक्षक पद पर समायोजित किया जाए। शिक्षामित्रों की योग्यता और अनुभव को देखते हुए सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष की जाए। शिक्षामित्रों को वर्ष में 11 माह के स्थान पर 12 महीने का वेतन/मानदेय दिया जाए। बेसिक स्कूलों में आयोजित होने वाली स्पेशल टीईटी परीक्षा में शिक्षामित्रों को सम्मिलित होने का अवसर मिले। असमय कालकवलित हुए हजारों शिक्षामित्रों के पीड़ित परिवारों को उचित आर्थिक सहायता दी जाए तथा परिवार के एक सदस्य को योग्यतानुसार नौकरी मिले। जिले में शिक्षामित्रों के मानदेय में हो रही लेट-लतीफी को रोककर प्रत्येक माह की 5 तारीख तक नियत रूप से मानदेय का भुगतान कराया जाए। ज्ञापन सौंपते समय जिलाध्यक्ष दयाराम विश्वकर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रक्षपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष महेश प्रसाद निरंजन, उर्मिला साहू, देवेंद्र राजपूत, बालकिशन कुशवाहा, सिरनाम सिंह, मेहरबान, समरथ रैकवार, वृन्दावन विश्वकर्मा, देवेंद्र सिंह एवं रामपाल सहित संघ के पदाधिकारी व शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

### डोडाघाट के पास पाइपलाइन डालने के बाद नहीं हुई सड़क की मरम्मत

# 15 दिन से खुदी पड़ी गली बनी मुसीबत तालाबपुरा के लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहर के मोहल्ला तालाबपुरा स्थित डोडाघाट के पास पाइपलाइन बिछाने के लिए करीब 15 दिन पहले खोदी गई लगभग पांच फीट चौड़ी गली अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। पाइपलाइन का कार्य पूरा होने के बावजूद अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे क्षेत्रवासियों में नगर पालिका परिषद और संबंधित विभाग के प्रति भारी नाराजगी व्याप्त है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गली की खुदाई के बाद उसे खुला छोड़ दिया गया है। इससे रोजाना पैदल आने-जाने वाले लोगों, बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश होने पर स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। गली में कीचड़ और गड्ढों के कारण फिसलने का खतरा बना रहता है तथा दोपहिया वाहन चालकों को भी दुर्घटना का डर सताता है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने के बाद संबंधित विभाग ने सड़क की मरम्मत कराने की कोई व्यवस्था नहीं की। कई बार मौखिक शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए गली की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर सड़कें तो खोद दी जाती हैं, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद उन्हें समय पर दुरुस्त नहीं किया जाता। इससे जनता को लंबे समय तक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जनहित को प्राथमिकता देते हुए तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

# महामंडलेश्वर स्वामी अमर दास का लहरधाम में आगमन, चातुर्मास अनुष्ठान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अयोध्या के ब्रह्मलीन संत रामकुमारदास वेद मंदिर के शिष्य महामंडलेश्वर स्वामी अमरदास महाराज का चातुर्मास अनुष्ठान के लिए मड़ावरा स्थित लहरधाम में आगमन हो चुका है। देवशयनी एकादशी के पावन पर्व पर लहरधाम पहुँचने पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ महाराजश्री की आगवानी की। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंगल कलश की स्थापना की गई और धूना प्रज्वलित कर सनातन ध्वज फहराया गया। स्वामीजी के आगमन से पूरा क्षेत्र धार्मिक जयकारों और मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी अमरदासजी महाराज ने कहा कि देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं, जिसके चलते चातुर्मास के दौरान विवाह और अन्य मांगलिक कार्य स्थगित रहते हैं।

इस अवधि में साधु-संत एक स्थान पर रुककर ध्यान, जप और साधना करते हैं। सद्गृहस्थों को भी अपने कल्याण के लिए चातुर्मास में कोई न कोई धार्मिक नियम या संकल्प अवश्य लेना चाहिए। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए पं.ब्रजभूषण कटारे ने बताया कि आगामी 29 जुलाई को लहरधाम में भव्य गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े चाकू की नोक पर की लूट

**टीकमगढ़।** जिले के जतारा नगर में शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े हुई लूट की सनसनीखेज वारदात ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एटीएम से 37 हजार 500 रुपये निकालकर अपने गांव लौट रहे एक युवक पर स्कॉर्पियो वाहन में सवार तीन बदमाशों ने चाकुओं से हमला कर नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। व्यस्त मार्ग पर हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार करमौरा निवासी आशीष यादव ज़ब दोपहर में करीब 3 बजे जतारा स्थित एटीएम से 37 हजार 500 रुपये निकालकर अपने गांव लौट रहे थे और जैसे ही वह जतारा पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास पहुंचे, तभी काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार तीन बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन हेतु विद्युत विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारीगण, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा एवं सोलर रूफटॉफ योजना के संचालन हेतु जनपद के नामित वेण्डर की बैठक अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है। बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण, खण्ड प्रथम, जनपद स्तरीय समिति में नामित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

परियोजना अधिकारी यूपीनेडा ने अवगत कराया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक की गई जिसमें जनपद में 4264 सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। वर्तमान में कुल आवेदन 5770 हो चुके हैं। बैठक के दौरान वेण्डर्स द्वारा अवगत कराया गया कि उपभोक्ताओं के यहां स्मार्टमीटर स्थापना, कान्फिग्रेशन एवं फ्लैगआन के कार्य में विद्युत विभाग द्वारा अधिक समय लिया जा रहा है, जिससे प्रगति प्रभावित हो रही है, जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि मीटर स्थापना 3 दिवस मीटर फीडिंग 7 दिवस एवं मीटर फ्लैगआन/कान्फिग्रेशन का कार्य 15 दिवस के अंदर कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा परियोजना अधिकरी यूपीनेडा को निर्देशित किया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की आगामी बैठक में समस्त सम्बंधित अधिकारीगणों एवं समस्त वेंडरों को बुलाया जाये, जिससे उपभोक्ताओं को हो रही मीटर स्थापना सम्बन्धी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जा सकें।

### विद्यार्थियों ने माताओं के नाम लगाए पौधे

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय बूढ़ी में हुआ पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से उच्च प्राथमिक विद्यालय बूढ़ी में इको क्लब के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी माताओं के नाम पर एक-एक पौधा रोपित कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में पौधारोपण के साथ हुई। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, जलवायु संतुलन बनाए रखने, बढ़ते प्रदूषण को रोकने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में पेड़ों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का आह्वान भी किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध करने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के आधार भी हैं। ऐसे अभियान बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकार की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए सभी को लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा की कि वे अपने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे, अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करेंगे तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। विद्यालय परिवार ने इस अभियान को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य प्राप्त

# किसान करें ऑनलाइन आवेदन महिलाओं को मिलेगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद के किसानों के लिए अच्छी खबर है। उद्यान विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत वर्ष 2026-27 के लिए लक्ष्य प्राप्त हो गए हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इच्छुक किसान निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन करें, क्योंकि सभी योजनाओं में लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत स्ट्रॉबेरी, पपीता, बेर, आंवला, अमरूद, नींबू, अनार एवं किन्नू के उद्यान लगाने, संकर सब्जियों की खेती, प्याज-लहसुन उत्पादन, लो-कॉस्ट मशरूम उत्पादन इकाई, मसाला एवं फूलों की खेती, सब्जियों के लिए मल्चिंग व मचान निर्माण तथा फसलों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग जैसी गतिविधियों पर अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक मिशन योजना के तहत संकर हाईब्रिड सब्जियों की खेती, 12 से 16 लीटर क्षमता के पावर नैपसेक स्प्रेयर तथा 8 बीएचपी तक के पावर टिलर पर अनुदान का लाभ किसानों को मिलेगा। वहीं अनुसूचित जाति एवं जनजाति क्षेत्र में औद्यानिक विकास योजना के अंतर्गत संकर कद्दू वर्गीय सब्जियां, टमाटर, मसाला मिर्च, प्याज, शिमला मिर्च, गेंदा की खेती, समेकित कीट प्रबंधन एवं पावर टिलर पर अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' माइक्रो इरीगेशन योजना के तहत जनपद में 4,414 सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को 75 से 90 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 65 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। उद्यान विभाग ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना अथवा पहले से संचालित इकाइयों के उन्नयन के लिए इकाई लागत का 35 प्रतिशत अथवा अधिकतम 10 लाख तक की क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस योजना में आटा, बेसन, दलिया, अचार, तेल, पॉपकॉर्न, नमकीन, बिस्किट, टोस्ट, मसाले सहित अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को शामिल किया है। आवेदन के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खसरा-खतौनी, फार्मर रजिस्ट्री की प्रति एवं पासपोर्ट आकार का फोटो प्रस्तुत करना होगा। आवेदन जनसेवा केंद्र, साइबर कैफे अथवा जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय के माध्यम से ऑनलाइन किए जा सकते हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिला आवेदकों को पात्रता के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी।

